Title: Need to construct washing line in Jagdalpur Railway Station

श्री दीपक बैज (बस्तर): छत्तीसगढ़ के जगदलपुर रेलवे स्टेशन पर वर्ष 2018 में वाशिंग लाईन का निर्माण रेलवे ने प्रारंभ किया था पर इस वाशिंग लाइन का निर्माण आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है और निर्माण कार्य कई वर्षों से बंद चल रहा है?

जगदलपुर रेलवे स्टेशन में वाशिंग लाइन के निर्माण हो जाने पर यहां से चलने वाली और यहां से गुजरने वाली ट्रेनों की धुलाई करने का प्रस्ताव पूर्व तट रेलवे का था । इससे स्थानीय जनता को रोजगार के अवसर मिलता पर काम अधर में लटका है । चिंता की बात है कि आम बजट 2023-24 में भी छत्तीसगढ राज्य के जगदलपुर स्टेशन पर वाशिंग लाइन के आधा-अधूरे निर्माण को पूर्ण कराने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है । मेरी मांग है कि सरकार जगदलपुर रेलवे स्टेशन पर वाशिंग लाइन का निर्माण अविलम्ब पूर्ण कराए ।